1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हजार रूपये ONE THOUSAND RUPEES

बिक्रय- पत्र

केवालादाता :- श्री तापस कुमार सील, पिता-स्व0 नरेन्द्र नाथ सील, जाति हिन्दु, पेशा- व्यवसाय आदि, साकिन- सील कोठी मधुपुर, थाना सबडिवीजन मधुपुर, सबरजिस्ट्री वो जिला देवघर।

केवाला ग्रहिता :- श्रीमती प्रमिला देवी पति- श्री अवध किशोर राय, जाति भूमिहार ब्राह्मण, पेशा- गृहिणी, साकिन देवान डूमरिया, थाना-सारठ, सबडिवीजन मधुपुर, सबरजिस्ट्री वो जिला देवघर।

लेख्यप्रकार - बिक्रय पत्र ।

कीमत जायदाद - मो0-1.00,000/- एक लाख रूपये मात्र।

1000Rs.

::2::

विवरण जायदाद– थाना नं0– 273 जिला, सबरजिस्ट्री देवघर, थाना सबडिविजन–मधुपुर शमिल मौजा छोटा शेखपुरा के अन्दंर बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा– 1890 वर्गफीट थोका नं0– 5 अंदर हल्का मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं0– 12 बामोजीव सामिल शुदा नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ अंश मय कुल हकक् बिक्री किया जिसकी चौदही :–

उत्तर – श्रीमती कुसुम देवी एवं मंजू रानी देवी की जमीन

दक्षिण – म्युनिस्पल कच्चा रोड

पूरब – श्री गिरेश्वर प्रसाद राय की खरीदगी जमीन

पश्चिम – केवालादाता का जमीन

विदित हो कि मधुपुर थाना अन्तर्गत मौजा छोटा शेखपुरा के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन कमबेसी 2 बीघा 3 कट्ठा पाथरोल स्टेट घाटवालिन से प्राप्त कर अमृत लाल सील निर्विवाद रूप से भोग दखल करते रहे। अमृत लाल सील उपरोक्त थोका नं0– 5 के एक मात्र

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

मालिक हुए।अमृत लाल सील ने दिनांक– 7 जून 1957 को एक विल कलकता रजिस्ट्रेशन ऑफ एश्योरेंस के बुक नं0– III, वाल्यूम नं0–4, पेज नं0– 82 से 86 जिसकी सं0–121 वर्ष 1957 के द्वारा जिसका विल प्रोबेट कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत हुआ एवं प्रभात कुमार सील ने अपने हिस्से की सम्पति थोका नं0– 5 के रकवा – 2 बीघा 3 कट्ठा को घरौंआ दान पत्र तापस कुमार सील के हक में लिख दिया।

उपरोक्त तापस कुमार सील उपरोक्त सम्पति पर वहैसियत absolute owner निर्विवाद रूप से दखलकार रहते हुए अपने नाम से भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मधुपुर के न्यायालय में नामांतरण वाद सं0– 204/04–05 द्वारा पारित आदेश दिनांक– 10.10.04 को नामांतरण करवाकर उसका सालाना खजाना अपने नाम से सालोसाल अदाय करते आ रहे है।

उपरोक्त तापस कुमार सील उपरोक्त सम्पति पर दखलकार रहते हुए उसे टुकड़ा–टुकड़ा कर बिक्री करने का शोहरत किया।

1000 Rs.

अभी मुझ केवालादाता को सांसारिक खर्च के लिए रूपये की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए निम्न तफसील में वर्णित सम्पति कें अंदर रकवा 1890 वर्गफीट जमीन बिक्री करने का शोहरत किया और आप ग्रहितृ श्रीमती प्रमिला देवी उसे खरीद करने की इरादा जाहिर करने पर अभी के बाजार दर से और दोनों और दोनों पक्षों की मंजुरी से उसका कीमत मो0–1.00 ,000/– (एक लाख) रूपये कायम हुआ।

अतएव आज तारीख मैं केवालादाता आप ग्रहितृ से नगद मो0–1.00 ,000/– एक लाख) रूपये पाकर उपर खाना विवरण जायाद में वर्णित सम्पत्ति को वमोजीव सामिल शुदा नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ अंश आपके के पास बिक्री कर दिया और आपके के दखल में दे दिया।

अब आप केवाला ग्रहितृ मुझ केवालादाता के सत्व व दखल से सत्ववति व दखलकारिणी होकर मय अपने पुत्र –पौत्रादि वारिशान व स्थालाभिषिक्तगण कम से भोग दखल दान बिकी मौरयोज व नानाप्रकार के वारदेन तथा दाय– संयुक्त व हस्तान्तरादि करने की अधिकारिणी

होकर स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल करती रहें इसमें मुझ केवाला दाता मय वारिसान को किसी तरह का उज्र आपत्ति नहीं होगा न कोई कर सकेगा अगर कोई करे तो वह सरे अदालत नजायज व वातिल होगा।

बिक्रीत सम्पत्ति का मैं केवालादाता मालिक और दखलकार हूँ इसमें कोई दिगर अंशदार या दखलकार नहीं है। व कवल इसके उक्त सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय - संयुक्त व हस्तान्तरादि नहीं किये हैं हर तरह से साफ- और पाक है।

इस बिक्री को और भी स्वच्छ करने के लिए अगर भविष्य में मुझ केवाला दाता को कुछ लिखने या करने की जरूरत पड़ने पर उस हालत में आप केवाला ग्रहितृ के अनुरोध एवं खर्च से वैसा लिखने या करने के लिए तैयार रहूँगा।

एतदर्थ अपने व होश वहाल तवियत में रह कर बिना किसी के दबाव या बहकाव के कीमत के कुल रूपये नगद एक मुश्त पाकर यह बिकी खोश केवाला दलिल लिख दिया जो समय जरूरी काम आवे इति तारीख।

घोषणा:– **बिकीत सम्पत्ति पक्की सड़क से 131 फीट से ज्यादे दूरी पर है। निर्धारित मूल्य पर स्टाम्प दिया गया है।**

उपरोक्त संपति का भू–सत्यापन अंचल कार्यालय मधुपुर के ज्ञापांक– 10 **दिनांक–** 9/01/08 **के द्वारा निर्गत किया गया है।**

गवाहन्

दस्तावेज फरिकैन को पढ़कर सुना वो समझा दिया।

प्रारूपकर्त्ता [signature]

डीड राईटर, देवघर

तारीख : 12/12/08

Sanjay Ku Singh
Mecho Bazar Madhupur
12/12/08

12.12.08

Adhir Kr. Choudhary
Madhupur
12/12/08

क्रेता का फोटो हस्ताक्षर एवं बाँये हाथ के अंगुलियों का टीप निशान

प्रमीला देवी
11/11/08

प्रमाणित किया जाता है कि इस दस्तावेज में लगी छाया चित्र एवं उनके बायें हाथ के अंगुलियों के निशान मेरे समक्ष लिया गया है।